an>

Title: Regarding construction of road from Panvel to Indapur on National Highway No. 17 in Maharashtra.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदया, मुंबई-गोवा राजमार्ग - 17 देश का सबसे बड़ा आवागमन करने वाला महामार्ग है। पिछली सरकार ने इस महामार्ग को बनाने हेतु टेंडर निकाल कर 31 जनवरी, 2011 को यह काम शुरू किया था।

इस मार्ग पर करीब चार-पांच ठेकेदारों को अलग-अलग काम दिया गया है। जो मुद्दा हमारे सहयोगी विनायक राऊत ने उठाया था, इस मार्ग पर कल ही दुर्घटना घटी है, इस मार्ग पर ऐसा ब्रिज जो कि विपतन में है, उस पर भी दुर्घटना घट सकती है। इस मार्ग पर मेरे चुनाव क्षेत्र में पनवेल से ले कर इंदापुर तक सुप्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटिड को काम दिया था। पूरा काम तीन साल में पूरा करना था और सन् 2032 तक इस मार्ग पर रख-रखाव की जिम्मेदारी भी इस कंपनी को दी थी। लेकिन अब तक इस कंपनी ने पूरे ढंग से काम नहीं किया है।

महोदया, जब से माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी है और माननीय नितिन गडकरी इस मंत्रालय के मंत्री बने हैं, तब से देश के सभी रास्तों का काम तेज गति से हो रहा है, जबकि मुंबई-गोवा मार्ग पर पनवेल इंदापुर के बीच आज भी ठेकेदार काम नहीं कर रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग - 17 पर अधूरे पड़े काम को जल्दी से जल्दी शुरू करने की आवश्यकता है।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरो प्रसाद मिश्र,

श्री अरविंद सावंत,

श्री राजन विचारे,

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,

श्री प्रतापराव जाधव,

श्रीमती भावना पुंडलिकराव गवली,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

श्री आधलराव पाटील शिवाजीराव को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।